दालों तथा खाद्य तेलों की आवश्यकता

1732. श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश में जनसंख्या के हिसाब से दालों तथा खाद्य तेलों की कितनी आवश्यकता है ;

(ख) क्या यह सच है कि दाल और तिलहन के बीच तैयार करने के काम में कोई विशेष सफलता नहीं मिली है; और

(ग) यदि हां, तो इनका उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाणा) : (क) दाल और बसा तथा तेल की प्रति व्यक्ति वार्षिक मानकीय मांगें राष्ट्रीय पोषण संस्थान द्वारा क्रमशः 18.2 कि० ग्राम और 12.8 कि० ग्राम और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान संस्थान द्वारा क्रमशः 17.1 किलो ग्राम और 12.4 कि० ग्राम पर अलग-अलग रखी गई है। अतः लगभग 7660 लाख की प्रक्षेपित आबादी को मानते हुए चालू वर्ष के दौरान उपर्युक्त मानदण्डों के अनुसार दलहनों की मांग 131 से 134 लाख मीटरी टन तक और बसा तथा तेल की मांग 95 से 98 लाख मीटरी टन तक होने का हिसाब लगाया गया है।

(ख) और (ग) जी नहीं। संबद्ध अखिल भारतीय समन्वित सुधार परियोजना के अन्तर्गत किये गये प्रयासों से देश में दलहनों और तिलहनों की कई उन्नत किस्में पहले ही विकसित की जा चुकी हैं। इसमें दलहनों में—उड़द, चना, मूंग, अरहर और मसूर तथा तिलहनों में—मूंगफली, तोरिया, सरसों, तिल और सूरजमुखी की उन्नत किस्में शामिल है। इन उन्नत किस्मों के प्रजनक बीजों का उत्पादन, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् ने विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के संस्थानों की सहायता से शुरू किया है। भारतीय बीज निगम, भारतीय राज्य फर्म निगम तथा राज्य बीज संवर्धन एजेंसियों द्वारा आगे आधारी तथा प्रमाणीकृत बीजों के रूप में इनका संवर्धन किया जाता है।

Pending irrigation projects in Gujarat

1733. SHRI CHIMANBHAI MEHTA: Will the Minister of WATER RESOURCES be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a number of irrigation projects of Gujarat are awaiting clearance from the Central Government;

(b) if so, the names of the projects, their potential for irrigating acreage of land and proposed investment at current rate;

(c) what are the reasons for the delay in the clearance of each irrigation projet separately; and

(d) what is the percentage of acreage of irrigated land in Gujarat out of the national acreage of irrigated land?